आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 28.03.2024

मुख्य समाचारः—

1— लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद सीटों के लिए अधिसूचना जारी—आज से नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू।

2— बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आज नामांकन पत्रों की जांच के दौरान एक नामांकन रद्द किया गया—ग्यारह नामांकन वैध पाए गए।

3— प्रदेश में जमीन और अन्य अचल संपत्तियों के पंजीयन का कार्य उनतीस से इकतीस मार्च तक शासकीय अवकाश के दौरान भी जारी रहेगा।

4— लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में हो रहे हैं विविध आयोजन।

लोकसभा चुनाव—नामांकन

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश की राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद सीटों के लिए आज संबंधित जिलों के निर्वाचन अधिकारियों द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसी के साथ इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि चार अप्रैल है। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार आठ अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने बताया कि इस लोकसभा सीट के अंतर्गत सिहावा, संजारी—बालोद, डौंडीलोहारा, गुंडरदेही, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर और केशकाल सहित आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। वहीं, राजनांदगाव लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने बताया कि इस क्षेत्र के अंतर्गत पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी और मोहला—मानपुर सहित आठ विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव और खुज्जी में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। इसी तरह, मोहला—मानपुर विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक वोट डाले जाएंगे। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने बताया कि इस क्षेत्र के अंतर्गत सरायपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, राजिम, बिंद्रानवागढ़, कुरुद और धमतरी सहित आठ विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आज नामांकन पत्रों की जांच में बारह में से एक नामांकन पत्र रद्द किया गया। जबकि, ग्यारह नामांकन वैध पाए गए हैं। उम्मीदवार तीस मार्च तक नाम वापस ले सकेंगे। इस सीट के लिए उन्नीस अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

साय/बघेल

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान अब जोर पकड़ रहा है। इसी कड़ी में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिले के डौंडीलोहारा में कांकेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना के जरिये भाजपा ने प्रदेश की महिलाओं को एक हजार रूपये हर महीने देने का वादा किया था। उसके तहत पहला भुगतान किया जा चुका है। अब दूसरा भुगतान भी एक अप्रैल को किया जाएगा। श्री

साय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में शराब और कोयला घोटाला के अलावा महादेव ऐप के जरिये बड़े घोटाले को अंजाम दिया। इसी वजह से प्रदेश के मतदाताओं ने विधानसभा चुनाव में भाजपा को सरकार बनाने का अवसर दिया।

इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजनांदगांव लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी भूपेश बघेल मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में औंधी–खड़गाँव और मानपुर तहसील के विभिन्न गांवों में कार्यकर्ता सम्मेलन मे शामिल हुए। उन्होंने सीतागाव, कंदाडी और कोहका में भी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस मौके पर श्री बघेल ने अपनी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए विभिन्न मुद्दों पर भाजपा की नीतियों की आलोचना की।

<u>मतदाता जागरूकता</u>

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रायपुर जिले के तिल्दा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बाह्य रोगी विभाग–ओपीडी की रसीद पर लगने वाले सील में मतदाता जागरूकता का संदेश अंकित कराया गया है। इस तरह सामान्य इलाज के लिए आने वाले मरीजों को दी जाने वाली रसीद के जरिये लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की गई है।

वहीं, बेमेतरा में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने बताया कि जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी परिसर के अलावा साजा, नवागढ़ और बेरला में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में एक ही समय पर एक लाख से अधिक महिलाओं ने मतदान करने की शपथ ली।

इसी तरह, सक्ती जिले में भी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस संबंध में सक्ती के जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और परियोजना निदेशक बी.पी. भारद्वाज ने जिले के मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की। निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित स्वीप अभियान के तहत इसी तरह का जागरूकता कार्यक्रम बासीन और नगरदा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में भी आयोजित किया गया। इसमें विशेष रूप से महिला मतदाताओं को अपने वोट डालने के अधिकार का इस्तेमाल अवश्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

जांजगीर–चांपा जिला मुख्यालय में यूनिसेफ द्वारा मतदाता जागरूकता का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्थानीय सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं द्वारा नुक्कड़–नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही उन्हें अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने की अपील की जा रही है। कल के आयोजन में इन कार्यकर्ताओं ने मतदान के साथ ही बाल विवाह को रोकने की शपथ भी दिलाई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले में तीस मार्च को साइकिल रैली सहित अन्य स्पर्धाएं भी होंगी।

कोंडागांव जिले में भी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मतदाताओं को लोकतंत्र के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। इसके तहत मतदाताओं को स्टिकर लगाकर उन्हें अनिवार्य रूप से अपना वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज करीब पांच हजार गाड़ियों में मतदान संबंधी स्टिकर लगाए गए।

वहीं, मुंगेली में पशुधन विकास विभाग द्वारा ''हमारा गौरव, हमारी शान, शत–प्रतिशत करें मतदान'' के विषय पर स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान फाग गीत के माध्यम से मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कला जत्था को नगद पुरस्कार भी दिया गया।

पंजीयन कार्यालय

प्रदेश में जमीन और अन्य अचल संपत्तियों के पंजीयन का कार्य उनतीस से इकतीस मार्च तक शासकीय अवकाश के दौरान भी जारी रहेगा। गौरतलब है कि इस समय राज्य के सभी पंजीयन दफ्तरों में कम्प्यूटर आधारित एन.जी.डी.आर.एस. प्रणाली से पंजीयन कार्य किया जा रहा है। चालू वित्त वर्ष के दौरान इस महीने की उनतीस से इकतीस तारीख तक शासकीय अवकाश रहेगा। लेकिन, अचल संपत्ति की खरीदी–बिक्री से संबंधित पंजीयन के लिए पक्षकारों को असुविधा से बचाने के लिए राज्य के सभी पंजीयन दफ्तर इन तीन दिनों में भी खुले रहेंगे। साथ ही पंजीयन से संबंधित दस्तावेज तैयार करने के लिए ई–स्टाम्प काउंटर भी इस दौरान सामान्य दिनों की तरह सेवा उपलब्ध कराने के लिए खुले रहेंगे।

एमओयू

रायपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान ने डिजिटल हेल्थ एसोसिएट्स के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत अभियान सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही इन योजनाओं के लागू होने से हितग्राहियों को मिलने वाले लाभ का मूल्यांकन भी किया जाएगा।

विश्वविद्यालय–पीएचडी

देश के सभी विश्वविद्यालय अगले शिक्षा सत्र से पीएचडी में प्रवेश के लिए अलग–अलग परीक्षाएं लेने के बदले राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–नेट में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किए गए स्कोर का उपयोग करेंगे। इस संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में विस्तार से जानकारी दी है।

नीट परीक्षा–कोचिंग

सरगुजा में जिला प्रशासन ने नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग शुरू की है। कलेक्टर विलास भोस्कर ने बताया कि इस कोचिंग में बारहवीं पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को शामिल किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि विद्यार्थियों को हॉस्टल से कोचिंग स्थल तक लाने–ले–जाने के लिए निःशुल्क बस की व्यवस्था भी की गई है।

मोबाइल टॉवर–ध्वस्त

कोंडागांव जिले के केजंग गांव में माओवादियों ने बीती रात एक निजी कंपनी के मोबाइल टॉवर को आग के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद आसपास के इलाके में नेटवर्क नहीं मिलने से मोबाइल फोन की सेवा प्रभावित हुई है। घटना के बाद से पुलिस ने आसपास के इलाकों में गश्त और बढ़ा दी है।

वन विभाग–कार्रवाई

बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के बारनवापारा अभयारण्य में वन विभाग के अधिकारियों ने बाघ का शिकार करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वन विभाग के दल ने आरोपी के पास से पांच गोला बम, पैंगोलिन की छाल, और जंगली सुअर के दांत तथा जबड़े के अलावा अन्य दुर्लभ प्राणियों की खाल बरामद की है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर वन विभाग ने जांच शुरू कर दी है।

रेलवे स्टेशन–आगजनी

रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर–सात के दो दुकानों में बीती रात आग लग गई। इस घटना में मिल्क पार्लर और उसके बाजू में स्थित कैंटीन पूरी तरह से जलकर राख हो गए। हालांकि, रेलवे पुलिस और स्थानीय कर्मचारियों की मदद से आग को बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन, आग बुझने तक दोनों दुकानों में रखे सारे सामान जलकर नष्ट हो चुके थे। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। सूत्रों के अनुसार यह घटना शॉर्ट सर्किट की वजह से हुई है।

संक्षिप्त समाचार

– राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आज रायपुर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसके तहत हर वर्ष वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण का कार्य किया जाता है।

– प्रदेश में हिन्दी और अंग्रेजी शीघ्रलेखन की परीक्षा इकतीस मार्च को होगी। वहीं, हिन्दी और अंग्रेजी मुद्रलेखन की परीक्षा सात अप्रैल को ली जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार परीक्षा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।

– बिलासपुर जिले में आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित सभी आश्रम छात्रावासों की सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर अवनीश शरण ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

– दुर्ग में रेलवे पुलिस ने पुरी–अहमदाबाद एक्सप्रेस की बोगियों में तलाशी के दौरान एक यात्री के थैले से करीब छह लाख रूपये का अवैध गांजा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पान मसाला के थैले में गांजा छिपाकर रखा था।

– मुंगेली पुलिस ने चोरी और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब एक लाख अटहत्तर हजार रूपये नगद भी बरामद किए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>